# INDUSTRY OUTLOOK 2026: NAVIGATING A CONNECTED FUTURE

***As media, broadcast, and connectivity ecosystems continue to converge, 2026 marks a defining year for the industry. From cloud-native operations and IP-based workflows to 5G, satellite integration, and intelligent networks, connectivity is emerging as the key differentiator. This industry outlook examines the trends, technologies, and strategies shaping the road ahead.***

As the global Media & Entertainment (M&E) industry enters 2026, it finds itself at a pivotal intersection of technology, infrastructure, and consumer behaviour. The conversation is no longer about digital transformation alone, it is about connected transformation. Connectivity has evolved from being a support function to becoming the backbone that defines content creation, distribution, monetisation, and audience engagement.

From cloud-native workflows and IP-based production to 5G, satellite integration, and AI-driven networks, the industry's future hinges on how effectively

# उद्योग दृष्टिकोण 2026ः एक कनेक्टेड भविष्य की ओर

***जैसे-जैसे मीडिया, प्रसारण और कनेक्टिविटी इकोसिस्टम एकसाथ आ रहे हैं, 2026 इस उद्योग के लिए निर्णायक साल साबित होगा। क्लाउड नेटिव संचालन और आईपी-आधारित वर्कफ्लो से लेकर 5जी, सैटेलाइट एकीकरण और इंटेलिजेंस नेटवर्क तक, कनेक्टिविटी एक मुख्य अंतर के रूप में उभर रही है। यह उद्योग दृष्टिकोण ागे की राह तय करने वाले ट्रेंड्स, तकनीकी और रणनीतियों की जांच करता है।***

अब जबकि ग्लोबल मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई) उद्योग 2026 में कदम रख रही है, यह खुद को तकनीकी, इंफ्रास्ट्रक्चर और उपभोक्ता व्यवहार के एक अहा मोड़ पर पाती है। अब बात सिर्फ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की नहीं है, बल्कि कनेक्टेड ट्रांसफॉर्मेशन की है। कनेक्टिविटी एक सहायक कार्यकलाप से आगे बढ़कर एक ऐसी रीढ़ बन गयी है कि जो कंटेंट क्रिएशन, वितरण, मौद्रिकरण और दर्शकों के जुड़ाव को परिभाषित करती है।

क्लाउड नेटिव वर्कफ्लो और आईपी आधारित प्रोडक्शन से लेकर 5जी, सैटेलाइट एकीकरण और एआई समर्थित नेटवर्क तक, उद्योग का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि स्टेकहोल्डर कितने प्रभावी

stakeholders build and leverage a robust connectivity roadmap. In India and across global markets, 2026 is shaping up to be the year where connectivity maturity separates leaders from laggards.

## THE STATE OF THE INDUSTRY: KEY DRIVERS IN 2026

Several macro trends are converging to define the industry outlook this year:

1. **Content Explosion Across Platforms**
   The demand for content continues to surge across OTT platforms, FAST channels, mobile-first platforms, and immersive environments. Live sports, regional storytelling, short-form video, and interactive content are all experiencing growth. This content explosion is placing unprecedented pressure on production and delivery infrastructure.
2. **From Linear to Hybrid Distribution**
   Traditional broadcast is no longer standalone. Broadcasters are now operating hybrid ecosystems

ढंग से मजबूत कनेक्टिविटी रोडमैप बनाते हैं और उसका इस्तेमाल करते हैं। भारत और दुनियाभर के बाजारों में, 2026 वह साल बनने जा रहा है जहां कनेक्टिविटी मैच्योरिटी लीडर्स को पीछे रहने वालों से अलग करेगी।

## उद्योग की स्थितिः 2026 में मुख्य प्रेरक

इस साल उद्योग की दृष्टिकोण को तय करने के लिए कई मैक्रो ट्रेंड एकसाथ आ रहे हैंः

1. **प्लेटफॉर्मों पर कंटेंट का जबरदस्त विस्तार**
   ओटीटी प्लेटफॉर्म, फास्ट चैनलों, मोबाइल फर्स्ट प्लेटफॉर्म्स और इमर्सिव माहौल में कंटेंट की मांग लगातार बढ़ रही है। लाइव स्पोर्ट्स, क्षेत्रीय कहानियां, शॉर्ट-फॉर्म वीडियो और इंटरैक्टिव कंटेंट सभी में बढ़ोतरी हो रही है। कंटेंट के इस जबरदस्त विस्तार से प्रोडक्शन और वितरण इंफ्रास्ट्रक्चर पर दबाव पड़ रहा है।
2. **लीनियर से हाइब्रिड वितरण तक**
   पारंपरिक प्रसारण अब अकेला नहीं रहा। प्रसारक अब हाइब्रिड इकोसिस्टम चला रहे हैं जहां लीनियर टीवी, ओटीटी, सोशल

where linear TV, OTT, social media, and direct-to-consumer platforms coexist. This shift requires seamless connectivity between on-premise systems, cloud platforms, and remote teams.

3. **Rise of Remote and Distributed Production**
Remote production is no longer a contingency, it is a strategic choice. Broadcasters and production houses are increasingly decentralising operations to reduce costs, access global talent, and improve scalability. Connectivity quality, latency management, and network resilience are now mission-critical.

4. **Monetisation Under Pressure**
Advertising revenues are fragmenting, subscriptions are plateauing in some markets, and content costs are rising. Efficient, connected workflows are becoming essential to protect margins and unlock new revenue streams such as addressable advertising, data-driven content packaging, and syndication.

## CONNECTIVITY: FROM UTILITY TO STRATEGIC ASSET

In earlier years, connectivity was viewed primarily as a utility, bandwidth, links, and pipes that enabled operations. In 2026, it has evolved into a strategic asset that directly impacts speed to market, content quality, operational efficiency, and customer experience.

Media organisations are now asking different questions:

- Can our networks scale dynamically with production demands?
- How secure is our content as it moves across distributed environments?
- Are we future-ready for immersive formats, AI workflows, and real-time personalisation?

Answering these questions requires a clear, forward-looking connectivity roadmap.

## THE CONNECTIVITY ROADMAP: KEY PILLARS FOR 2026 AND BEYOND

### 1. IP-Centric Infrastructure as the Foundation

The shift from SDI to IP-based infrastructure has reached a tipping point. In 2026, IP is no longer experimental,

मीडिया और डॉयरेक्ट–टू–कंज्यूमर प्लेटफॉर्म एकसाथ मौजूद हैं। इस बदलाव के लिए ऑन प्रिमाइस सिस्टम, क्लाउड प्लेटफॉर्म और रिमोट टीमों के बीच सीमलेस कनेक्टिविटी की जरूरत है।

**3. रिमोट और वितरित प्रोडक्शन का उदय**

रिमोट प्रोडक्शन अब कोई इमरजेंसी नहीं है, यह एक रणनीतिक पसंद है। प्रसारक और प्रोडक्शन हाउस लागत कम करने, ग्लोबल टैलेंट तक पहुंचने और स्केलेबिलिटी को बेहतर बनाने के लिए संचालन को तेजी से विकेंद्रित कर रहे हैं। कनेक्टिविटी क्वालिटी, लेटेंसी मैनेजमेंट और नेटवर्क रेजिलिएंस अबजरूरी हो गये हैं।

**4. मोनेटाइजेशन पर दबाव**

विज्ञापन से होने वाली कमाई बंट रही है, कुछ बाजारों में सब्सक्रिप्शन स्थिर हो रहे हैं और कंटेंट की लागत बढ़ रही है। मार्जिन बचाने और एड्रेसेबल विज्ञापन, डेटा ड्रिवन कंटेंट पैकेजिंग और सिंडिकेशन जैसे नये राजस्व स्रोत खोलने के लिए कुशल, कनेक्टेड वर्कफ्लो जरूरी होते जा रहे हैं।

### कनेक्टिविटीः उपयोगिता से रणनीतिक संपत्ति तक

पिछले कुछ सालों में, कनेक्टिविटी को मुख्य रूप से एक उपयोगिता, बैंडविड्थ, लिंक और पाइप के रूप में देखा जाता था, जो संचालन को सक्षम बनाते थे। **2026** में, यह एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में विकसित हो गया है जो सीधे मार्केट में स्पीड, कंटेंट क्वालिटी, संचालन प्रभावशीलता और उपभोक्ता अनुभव पर असर डालता है।

मीडिया संगठन अब कई सवाल पूछ रहे हैंः

- क्या हमारे नेटवर्क प्रोडक्शन की जरूरतों के हिसाब से डायनामिक रूप से स्केल कर सकते हैं?
- जब हमारा कंटेंट वितरित वातावरण में जाता है, तो वह कितना सुरक्षित होता है?
- क्या हम इमर्सिव फॉर्मेट, एआई वर्कफ्लो और रियल टाइम पार्स नलाइजेशन के लिए भविष्य के लिए तैयार हैं?

इन सवालों का जवाब देने के लिए एक साफ, दूरदर्शी कनेक्टिविटी रोडमैप की जरूरत है।

### कनेक्टिविटी रोडमैपः 2026 और उसके आगे के लिए मुख्य स्तंभ

**1. फाउंडेशन के तौर पर आईपी–केंद्रित आधारभूत संरचना**

एसडीआई से आईपी आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव एक अहाम मोड़ पर पहुंच गया है। **2026** में आईपी अब सैद्धांतिक नहीं रहेगा,

it is foundational. Broadcasters and media companies are standardising on IP for production, playout, and contribution workflows.

IP-based systems offer:

- Flexibility in scaling resources up or down
- Easier integration with cloud platforms
- Improved disaster recovery and redundancy
- Future-proofing for higher resolutions and formats

However, IP adoption also demands careful network design, skilled manpower, and robust monitoring tools to ensure reliability and quality of service.

**2. Cloud and Hybrid Connectivity Models**

Pure on-premise or pure cloud strategies are giving way to hybrid models. In 2026, the most successful organisations are those that intelligently balance on-premise infrastructure with public and private cloud environments. Hybrid connectivity enables:

- Burst capacity during peak events
- Faster content collaboration across geographies
- Cost optimisation by aligning workloads with the right environment
- Business continuity through geographic redundancy

The focus is shifting from "moving to the cloud" to "connecting the cloud efficiently."

**3. 5G and Edge Computing: Unlocking New Use Cases**

5G is emerging as a powerful enabler for live contribution, field production, and mobile journalism. Combined with edge computing, it is opening new possibilities such as:

- Low-latency live streaming from remote locations
- Multi-camera productions without traditional OB setups

यह बुनियादी होगा। प्रसारण और मीडिया कंपनियां प्रोडक्शन, प्लेआउट और कंट्रीब्यूशन वर्कफ्लो के लिए आईपी को स्टैंडर्ड बना रही हैं।

- आईपी आधारित सिस्टम ये सुविधायें देती हैंः
- रिसोर्स को बढ़ाने या गटाने में लोचशिलता
- क्लाउड प्लेटफॉर्म के साथ आसान एकीकरण
- बेहतर डिजास्टार रिकवरी और रिडंडेंसी
- हायर रिजॉल्यूशन और फॉर्मेट के लिए भविष्य की तैयारी

हालांकि आईपी अपनाने के लिए सावधानीपूर्वक नेटवर्क डिजाइन, कुशल मैनपॉवर और मजबूत मॉनिटरिंग टूल्स की भी जरूरत होती है ताकि विश्वनीयता और सेवा की क्वालिटी सुनिश्चित की जा सके।

**2. क्लाउड और हाइब्रिड कनेक्टिविटी मॉडल**

प्योर ऑन-प्रिमाइस या प्योर क्लाउड रणनीति अब हाइब्रिड मॉडल की जगह ले रही हैं। **2026** में, सबसे सफल संगठन वे होंगे जो ऑन प्रिमाइस इंफ्रास्ट्रक्चर को पब्लिक और प्राइवेट क्लाउड वातावरण के साथ समझदारी से बैलेंस करेंगे। हाइब्रिड कनेक्टिविटी से ये संभव होता हैः

- पीक इवेंट्स के दौरान बर्स्ट क्षमता
- अलग-अलग जगहों पर तेज कंटेंट सहभागिता
- वर्कलोड को सही वातावरण के साथ ऑनलाइन करके कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन
- ज्योग्राफिक रिडंडेंसी के जरिए व्यवसाय निरंतरता

फोकस 'क्लाउड पर जाने' से हटकर 'क्लाउड को कुशलता से जोड़ने' पर शिफ्ट हो गया है।

**3. 5जी और एज कंप्यूटिंगः नये इस्तेमाल के मामले को अनलॉक करना**

5जी लाइव सहभागिता, फील्ड प्रोडक्शन और मोबाइल पत्रकारिता के लिए एक प्रावरफूल इनेबलर के तौर पर उभर रहा है। एज कंप्यूटिंग के साथ मिलकर यह नयी संभावनायें खोल रहा है जैसेः

- दूरदराज के लोकेशन से लो लेटेंसी लाइव स्ट्रीमिंग
- पारंपरिक ओबी सेटअप के बिना मल्टी कैमरा प्रोडक्शन।



- Real-time analytics and content processing at the edge

In markets like India, where mobile consumption dominates, 5G-driven workflows will play a critical role in expanding coverage, especially in Tier 2 and Tier 3 cities.

**4. Satellite, Fibre, and Wireless Convergence**

The future of connectivity is not about choosing one medium over another, it is about convergence. Fibre, satellite, wireless, and IP networks are increasingly being integrated into unified architectures.

This convergence offers:

- Greater redundancy and reliability
- Coverage in remote and challenging geographies
- Flexibility to choose the best route based on cost, latency, and availability

Satellite connectivity, in particular, is seeing renewed relevance for disaster recovery, rural reach, and global event coverage.

**5. Security and Content Protection by Design**

As content moves across multiple networks and environments, security is becoming inseparable from connectivity. In 2026, cybersecurity is no longer an IT issue, it is a boardroom priority.

Key focus areas include:

- End-to-end encryption
- Zero-trust network architectures
- Secure identity and access management
- Real-time monitoring and threat detection

Protecting premium content, intellectual property, and viewer data is critical to maintaining trust and regulatory compliance.

## AI AND CONNECTIVITY: A SYMBIOTIC RELATIONSHIP

Artificial Intelligence is increasingly embedded into media workflows, from automated editing and metadata generation to audience analytics and content recommendation. However, AI-driven operations are only as effective as the connectivity that supports them.

High-performance, low-latency networks are essential for:

- Real-time AI processing
- Cloud-based machine learning models
- Data-intensive analytics
- Automation across distributed systems

- एज पर रियल टाइम एनालिटिक्स और कंटेंट प्रोसेसिंग

भारत जैसे बाजारों में, जहां मोबाइल का इस्तेमाल ज्यादा होता है, 5जी आधारित वर्कफ्लो कवरेज बढ़ाने में अहम भूमिका निभायेंगे, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में।

**4. सैटेलाइट, फाइबर और वायरलेस कन्वर्जेंस**

कनेक्टिविटी का भविष्य किसी एक माध्यम को चुनने के बारे में नहीं है, यह कन्वर्जेंस के बारे में है। फाइबर, सैटेलाइट, वायरलेस और आईपी नेटवर्क को तेजी से एकीकृत आर्किटेक्चर में एकीकृत किया जा रहा है। यह कन्वर्जेंस ऑफर करता हैः

- ज्यादा रिडंडेंसी और विश्वनीयता
- दूरदराज और मुश्किल जगहों पर कवरेज
- लागत, लेटेंसी और उपलब्धता के आधार पर सबसे अच्छा रास्ता चुनने की लोचशिलता।

खास तौर पर, सैटेलाइट कनेक्टिविटी आपदा रिकवरी, ग्रामीण इलाकों में पहुंच और ग्लोबल इवेंट कवरेज के लिए जरूरी हो रही है।

**5. डिजाइन द्वारा संरक्षण और सुरक्षा**

जैसे-जैसे कंटेंट कई नेटवर्क और वातावरण में जाता है, सुरक्षा कनेक्टिविटी से अलग नहीं रह सकती। 2006 में, साइबर सुरक्षा अब सिर्फ आईटी का मुद्दा नहीं है, यह बोर्डरूम की प्राथमिकता है।

मुख्य फोकस वाले क्षेत्रों में शामिल हैः

• एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन

• जीरो ट्रस्ट नेटवर्क संरचना

- सुरक्षित पहचान और एक्सेस मैनेजमेंट
- रियल टाइम मॉनिटरिंग और खतरे का पता लगाना

प्रीमियम कंटेंट, बौद्धिक संपदा और दर्शक डेटा की सुरक्षा करते हुए भरोसे बनाने और नियामक नियम पालन के लिए बहुत जरूरी है।

## एआई और कनेक्टिविटीः एक सहजीवी रिश्ता

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मीडिया वर्कफ्लो में तेजी से शामिल हो रहा है, ऑटोमेटेड एडिटिंग और मेटाडेटा जेनरेशन से लेकर ऑडियंस एनालिटिक्स और कंटेंट अनुसंशा तक। हालांकि, एआई संचालित ऑपरेशन उतने ही प्रभावी होते हैं जितनी की उन्हें सपोर्ट करने वाली कनेक्टिविटी। उच्च प्रदर्शन, निम्न-लेटेंसी नेटवर्क इन चीजों के लिए जरूरी हैः

- रियल टाइम एआई प्रोसेसिंग
- क्लाउड आधारित मशीन लर्निंग मॉडल
- डेटा-इंटेंसिव एनालिटिक्स
- वितरित किये सिस्टम में ऑटोमेशन

In 2026, AI and connectivity are evolving together, reinforcing each other's value.

## CHALLENGES ON THE ROAD AHEAD

Despite the opportunities, the connectivity journey is not without challenges:

- Skills Gap: Managing IP, cloud, and hybrid networks requires new skill sets that are still in short supply.
- Cost Management: While connectivity enables efficiency, poorly planned investments can inflate costs.
- Interoperability: Integrating legacy systems with modern architectures remains complex.
- Regulatory and Compliance Issues: Data sovereignty and content regulations continue to evolve across markets.

Addressing these challenges requires collaboration between technology providers, broadcasters, telecom operators, and policymakers.

## INDIA'S UNIQUE OPPORTUNITY

India stands at a unique crossroads in 2026. With one of the world's largest content markets, rapid digital adoption, expanding fibre networks, and growing 5G deployment, the country has the opportunity to leapfrog legacy constraints.

Regional content, live sports, news, and emerging formats such as interactive and immersive media will all benefit from a strong connectivity backbone. Indian media companies that invest strategically in connectivity today will be well-positioned to compete not just domestically, but globally.

## LOOKING AHEAD: CONNECTIVITY AS COMPETITIVE ADVANTAGE

As we move through 2026, one truth is clear: connectivity is no longer a background enabler, it is a competitive differentiator. Organisations that view connectivity as a strategic roadmap rather than a technical checklist will be better equipped to innovate, scale, and monetise.

The future of media will be defined not just by great content, but by how seamlessly that content is created, connected, and consumed. In this connected future, the winners will be those who build resilient, intelligent, and future-ready networks, today.■

**2026** में, एआई और कनेक्टिविटी एक साथ विकसित हो रहे हैं, और एक दूसरे के महत्व को बढ़ा रहे हैं।

## आगे की राह में चुनौतियां

मौकों के बावजूद, कनेक्टिविटी का सफर चुनौतियों से भरा हैः

- कुशलता की कमीः आईपी, क्लाउड और हाइब्रिड नेटवर्क को मैनेज करने के लिए नयी कुशलता की जरूरत होती है, जिनकी अभी भी कमी है।
- मूल्य प्रबंधनः कनेक्टिविटी से क्षमता तो बढ़ती है, लेकिन खराब योजना वाले निवेश से मूल्य बढ़ सकती है।
- इंटरऑपरेबिलिटीः पुरानी प्रणाली को आधुनिक ढ़ांचे के साथ एकीकृत करना मुश्किल बना हुआ है।
- नियामक और अनुपालन के मुद्देः डेटा संप्रभुत्ता और कंटेंट रेगुलेशन अलग–अलग बाजार में बदलते रहते हैं।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीकी प्रदाता, प्रसारकों, टेलीकॉम संचालकों और नीति निर्माताओं को मिलकर काम करने की जरूरत है।

## भारत के लिए खास मौका

भारत **2026** में अनोखे मोड़ पर खड़ा है। दुनिया में सबसे बड़े कंटेंट बाजार में से एक तेजी से डिजिटल अपनाने फाइबर नेटवर्क के बढ़ने और **5**जी प्रस्तुतिकरण में बढ़ोतरी के साथ देश के पास पुरानी रूकावटों से आगे निकलने का मौका है।

क्षेत्रीय कंटेंट, लाइव स्पोर्ट्स, न्यूज व इंटरैक्टिव और इमर्सिव मीडिया जैसे नये फॉर्मेट, सभी को एक मजबूत कनेक्टिविटी बैकबोन से फायदा होगा। आज जो भारतीय मीडिया कंपनियां कनेक्टिविटी में रणनीतिक तरीके से निवेश करती है, वे न सिर्फ देश में, बल्कि दुनियाभर में भी मुकाबला करने की अच्छी स्थिति में होंगी।

## आगे की सोचः कनेक्टिविटी बनाम प्रतिस्पर्धी फायदा

जैसे–जैसे हम **2026** में आगे बढ़ रहे हैं, एक बात साफ हैः कनेक्टिविटी अब बैकग्राउंड में मदद करने वाली चीज नहीं है, यह प्रतिस्पर्धा में अलग पहचान बनाने वाली चीज है। जो संगठन कनेक्टिविटी को टेक्निकल चेकलिस्ट के बजाय एक रणनीतिक रोडमैप के तौर पर देखते हैं, वे इनोवेट करने, स्केल करने और मोनेटाइज करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे।

मीडिया का भविष्य सिर्फ बढ़िया कंटेंट से तय नहीं होगा, बल्कि इस बात से भी तय होगा कि वह कंटेंट कितनी आसानी से बनाया, कनेक्ट किया और इस्तेमाल किया जाता है। इस कनेक्टेड भविष्य में, जीतने वाले वे होंगे जो आज मजबूत, इंटेलिजेंट और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क बनायेंगे। ■